रजिस्ट्री सं. डी. (डी एन.)-128 REGISTERED NO. D. (D.N.)-128

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 20] नई दिल्ली, शनिवार, मई 27, 1989/ ज्येष्ठ 6, 1911
No. 20] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 27, 1989/JYAISTHA 6, 1911

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 4
PART II—Section 4

रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संविधिक नियम और आदेश
Statutory Rules and Orders Issued by the Ministry of Defence

रक्षा मंत्रालय

(वित्त प्रभाग)

नई दिल्ली, 5 मई, 1989

का. नि. आ. 131 :– राष्ट्रपति, केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के नियम 9 के उपनियम (2), नियम 12 के उपनियम (2) के खंड (ख) और नियम 24 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आदेश देते हैं कि रक्षा लेखा महानियंत्रक के कार्यालय में, रक्षा लेखा महानियंत्रक के पद के नित्य प्रति के कर्तव्यों का अनुपालन करने वाला ज्येष्ठतम रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक, केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के अधीन रक्षा लेखा महानियंत्रक में निहित नियुक्ति, अनुशासनिक और अपील प्राधिकारी की शक्तियों का तब तक प्रयोग करेगा जब तक कि रक्षा लेखा महानियंत्रक का पद नियमित आधार पर नहीं भरा जाता।

[सं० प्रशा०/XIII/13007/2/जिल्द-IV (पी०सी०-II)]

आर. एन. मनचन्दा, वित्तीय सलाहकार तथा उप सचिव

MINISTRY OF DEFENCE

(Finance Division)

New Delhi, the 5th May, 1989

S.R.O. 131.—In exercise of the power conferred by sub-rule (2) of rule 9, clause (b) of sub rule (2) of rule 12 and sub-rule (1) of rule 24, of the Central Civil Services (Classification Control and Appeal) Rules, 1965, the President hereby orders that the senior-most Additional Controller General of Defence Accounts in the office of the Controller General of Defence Accounts performing current duties of the post of Controller General of Defence Accounts shall exercise the powers of the Controller General of Defence Accounts under Central Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules 1965, till the post of the Controllr General of Defence Accounts is filled up on a regular basis.

[No. AN/XIII/13007/2/Vol. IV (PC-II)]
R. N. MANCHANDA, Dy. Financial Adviser and Dy. Secy.

नई दिल्ली, 9 मई, 1989

का. नि. आ. 132 :– केन्द्रीय सरकार, नौसेना अधिनियम, 1957 (1957 का 62) की धारा 184 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, नौसेना (वेतन और भत्ते) विनियम, 1966 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाते हैं, अर्थात् :–

1. (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम नौसेना (वेतन और भत्ते) (संशोधन) विनियम, 1988 है।

(2) ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. नौसेना (वेतन और भत्ते) विनियम, 1966 के (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त विनियम कहा गया है) विनियम 23 के उपविनियम (1) के खंड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :

"(ख) अन्य मामलों में आधी दरों पर सिवाय नौसेना एअर स्क्वाड्रन के आफिसरों के, जब कि वे आई एन एस विक्रांत के फलक पर पोतारोहण कर रहे हों"।

3. उक्त विनियम के विनियम 29 के पश्चात् निम्नलिखित शीर्षक और विनियम अन्तः स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"छोटी पनडुब्बी वेतन"

29—क अनुज्ञेयता और दर— (1) छोटी पनडुब्बी का कर्मीदल जब कि वह छोटी पनडुब्बी कर्मीदल की संख्या में हो, छोटी पनडुब्बी वेतन का हकदार होगा जो टिप्पण में अधिकथित शर्तों के अधीन रहते हुए पनडुब्बी चालकों को अनुज्ञेय पनडुब्बी वेतन के समतुल्य होगा।

(2) छोटी पनडुब्बी वेतन सभी प्रयोजनों के लिए वेतन समझा जाएगा।

टिप्पण :- पनडुब्बी वेतन के समतुल्य छोटी पनडुब्बी वेतन इस शर्त के अधीन रहते हुए अनुज्ञेय होगा कि छोटी पनडुब्बी कर्मीदल संख्या के अधिकारी सभी जोखिमों के संबंध में नौसेना समूह बीमा स्कीम के माध्यम से प्रत्येक मास 234 रुपये के अभिदाय के संदाय पर दो लाख रुपये की रकम के लिए अतिरिक्त जीवन बीमा लाभ प्राप्त करते हैं। नौसेना समूह बीमा स्कीम उक्त बीमा स्कीम के अंतर्गत आने वाले अफसरों को सेवा निवृत्ति/निर्मुक्ति पर उत्तर जीविका के फायदों का संदाय करेगी, जिनकी रकम का अवधारण समय समय पर नौसेना समूह बीमा स्कीम द्वारा किया जाएगा।

3. उक्त विनियम के विनियम 31 के उपविनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपविनियम रखा जाएगा, अर्थात :—

"(1) महंगाई भत्ता निम्नलिखित से भिन्न छुट्टी की किसी कालावधि के दौरान लिया जा सकेगा (1) भारत में या भारत के बाहर वेतन और भत्तों के बिना छुट्टी (2) सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी का भारत के बाहर बिताया गया कोई भाग सिवाय इसके कि भारत में सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी की दशा में वह प्रथम 180 दिनों के दौरान ही अनुज्ञेय होगा।"

4. उक्त विनियम के विनियम 36 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"36 मासिक दर को पूर्णांकित करना — वास्तविक संगणना पर किसी मास के लिए निकाली गई महंगाई भत्ते की रकम को निकटतम दस पैसे तक पूर्णांकित किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए 5½ पैसे से अन्यून भाग को 10 पैसे तक पूर्णांकित किया जाएगा और 5½ से न्यून भाग की ओर ध्यान नहीं दिया जाएगा।"

5. उक्त विनियम के विनियम 48 में "विनियम 148 के उपविनियम (1) से लेकर विनियम 8 तक" कोष्ठकों, अंकों और शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित कोष्ठक, अंक और शब्द रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"(1) विनियम 148 के उपविनियम (1) से लेकर विनियम (9) तक"।

6. उक्त विनियम के विनियम 60 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"60. पूर्ण और आधी दरों के लिए पोतों का वर्गीकरण -

(1) पोतों के ऐसे वर्ग जिन पर सेवा पूर्ण दरों" पर अतिरिक्त धन के लिए अर्ह हैं, निम्नलिखित हैं :—

(क) सुरंग अपमाजक :—

(1) मोटर सुरंग अपमाजक

(2) अन्तटीय सुरंग अपमाजक

(3) तटीय सुरंग अपमाजक, वेदी भावनगर

(4) पांडिचेरी

(5) पोरबन्दर

(6) एलपी

(7) रत्नागिरी

(8) आई एन एस डी बी टी – 55

(9) मालवन

(10) मंग्रोल

(11) मद्दे

(12) मलसे

(13) गुलकी

(14) मावल

(15) आई एन क्लास - 351

(16) आई एन एस मकर

(ख) उद्धरण जलयान और समुद्र में जाने वाली कर्षण नाव (टग)

(ग) उतरने वाला यान बड़ा और छोटा उतरने वाला यान और उतरने वाली वर्ग :—

एल—31, एल—32, आई एन सी एल यू - 33
आई एन सी एल यू - 34

(घ) छोटा यान :—

(1) सुरंग अपमाजक और पनडुब्बी भार कार्य पर ट्राऊलर और यान

(2) परीक्षा यान

(3) मोटर टारपीडो नाव

(4) मोटर गनरी नाव

(5) सीवार्ड पैट्रोल यान

(6) समुद्र में जाने वाली लांचे

(ङ) पनडुब्बियां :— कलवाड़ी, खंडरी, करंज, कुरसुरा, निस्तार, वेला, वागिर, वागली, वाक्सीर।

(च) मिसाइल नौकाएं :— विनाश, नोनघाट, विद्युत, निर्भीक, विजेता, नाशक, वीर, निपात, प्रताप, प्रलय, प्रवाल, प्रचंड, चपल, चमक, चराग, चातक, विजयदुर्ग, सिन्धु दुर्ग, होशदुर्ग।

(छ) सी-वार्डस रक्षा नौकाएं :— टी- 52, टी- 53, आई एन एस डी बी- 51, आई एन एस डी बी- 54।

(ज) टारपीडो उद्धरण यान :— आई एन टी आर बी- 71, आई एन टी आर बी- 72।

7 उक्त विनियम के विनियम 87 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"87-दरें :- (क) अर्हता वेतन अधिकारियों को निम्नलिखित रूप में अनुज्ञेय होगा :—

(1) अर्हता वेतन की उच्चतर दरें : वे आफिसर जो परिशिष्ट 8 की धारा 2 में सूचीबद्ध अर्हताएं रखते हैं।

.... रु. 125/प्रतिमास

वे आफिसर जो परिशिष्ट 8 की धारा 1 में सूचीबद्ध अर्हताएं रखते हैं।

.... रु. 100/- प्रतिमास

(2) अर्हता वेतन की निम्नतर दर :— वे आफिसर जो परिशिष्ट 8 की धारा 3 में सूचीबद्ध अर्हता रखते हैं।

.... रु. 70/- प्रतिमास

(ख) एक मुश्त अर्हता अनुदान आफिसरों को निम्नलिखित रूप में अनुज्ञेय होगा :—

(1) वे आफिसर जो परिशिष्ट 8 की धारा 4 में सूचीबद्ध अर्हताएं रखते हैं।

.... रु. 6000.00

(2) वे आफिसर जो परिशिष्ट 8 की धारा 5 में सूचीबद्ध अर्हताएं रखते हैं।

..... रु. 4500.00

(3) वे आफिसर जो परिशिष्ट 8 की धारा 6 में सूचीबद्ध अर्हताएं रखते हैं।

..... रु. 2400.00

(4) वे आफिसर जो परिशिष्ट 8 की धारा 7 में सूचीबद्ध अर्हताएं रखते हैं।

..... रु. 1600.00

टिप्पण 1. ऐसे आफिसर जो 31 मार्च, 1975 को या उसके पूर्व पहले से ही अर्हता वेतन प्राप्त कर रहे थे (जिनमें वे भी सम्मिलित हैं जो इसके लिए पात्र थे किन्तु जिन्होंने उक्त वेतन प्राप्त नहीं किया था) अर्हता वेतन प्राप्त करने के प्रारम्भ की तारीख से 10 वर्ष की कालावधि के लिए अर्हता वेतन प्राप्त करने के लिए टिप्पण 2 में शर्त के अधीन रहते हुए या जब तक कि वे प्रोन्नति के कारण या अन्यथा जो भी पूर्ववर्ती हो, अपात्र नहीं हो जाते हैं अनुज्ञात होंगे।

टिप्पण 2. टिप्पण 1 में निर्दिष्ट 10 वर्ष की कालावधि समाप्त हो जाने के पश्चात अर्हता वेतन वैयक्तिक वेतन माना जाएगा और 1 मार्च, 1976 से या उसके पश्चात से देय भत्ते में यदि कोई हो, आमेलित किया जाएगा।

टिप्पण 3. ऐसे आफिसरों की दशा में, जिन्हें प्रारम्भ में निम्नतर दर पर अर्हता वेतन मंजूर किया गया था और जिन्हें पश्चातवर्ती उच्चतर दर पर अर्हता वेतन मंजूर किया गया था, 10 वर्ष की कालावधि की गणना उस तारीख से की जाएगी जिससे उन्होंने बाद वाली दर पर अर्हता वेतन प्राप्त करना आरम्भ किया था।

टिप्पण 4. ऐसे आफिसरों की दशा में जो विद्यमान आदेशों के अधीन अर्हता प्राप्त करने पर अर्हता अनुदान की उच्चतर या निम्नतर दरों के लिए पात्र थे किन्तु जिन्होंने उसे 31 मार्च, 1975 में या उसके पूर्व उसे प्राप्त नहीं किया था, उच्चतर और निम्नतर अर्हताओं के लिए क्रमशः 2400 रुपए और 1600 रुपये की दरों पर उसे प्राप्त करने के लिए अनुज्ञात होंगे।

टिप्पण: 5 1 अप्रैल, 1975 को ऐसा आफिसर जिसने पहले निम्नतर अर्हता अर्जित की और पश्चातवर्ती उच्चतर अर्हता अर्जित की पश्चातवर्ती अर्हता के अर्जन पर दोनों अनुदानों के बीच के अन्तर को प्राप्त करने का हकदार होगा।

8 उक्त विनियम के विनियम 89 में—

(i) खण्ड (ख) में निम्नलिखित शब्द जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"या",

(ii) खण्ड (ख) के पश्चात निम्नलिखित खण्ड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(ग) केवल अभिवाय का संदाय करके सोसाइटियों या एसोसिएशनों की सदस्यता मात्र प्राप्त करके या अवधि के खत्म हो जाने पर कोई अर्हता।

9 उक्त विनियमों के विनियम 104 के पश्चात निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"104क नौसेना विमानन आफिसरों को परीक्षण पायलेट भत्ता—250 रुपये प्रतिमास परीक्षण पायलेट भत्ता नौसेना के अर्हता प्राप्त परीक्षण पायलटों को अनुज्ञेय होगा, जब कि वे नौसेना में परीक्षण उड़ान ड्यूटी करने के लिए किसी यूनिट की तैनाती संख्या पर हों, अधिसंख्य पद पर हों या अटैचमेंट पर हों, जब तक कि परीक्षण पायलेटों को मंजूर किए गए स्थापन में वृद्धि नहीं की जाती है।

परीक्षण पायलेट भत्ते के रूप में माना जाएगा न कि किसी भी समय वेतन के रूप में और परीक्षण पायलेटों को उनकी वार्षिक छुट्टी की कालावधि के दौरान अस्थायी ड्यूटी/अटैचमेंट की कालावधि के दौरान भी अनुज्ञेय बना रहेगा, परन्तु यह तब जब तक कि ऐसी अस्थायी ड्यूटी अटैचमेंट की कालावधि तीन मास से अधिक न हो और यह कि उनकी अस्थायी ड्यूटी/अटैचमेंट के पूरा होने के पश्चात ऐसी संभावना हो कि वे परीक्षण/उड़ान ड्यूटी पुनः ग्रहण करेंगे। परीक्षण पायलेट भत्ता अनुदेश पाठ्यक्रमों की कालावधि के दौरान भी अनुज्ञेय होगा। परन्तु यह तब जब कि वे पाठ्यक्रम के पूरा होने पर परीक्षण उड़ान ड्यूटी के लिए वापस जाते हैं। यदि कोई परीक्षण पायलेट पूर्व सेवानिवृत्ति चाहता है तो वह सेवानिवृत्ति पूर्व छुट्टी के दौरान केवल वार्षिक छुट्टी की, यदि शून्य हो, अपनी हकदारी के समतुल्य कालावधि के लिए परीक्षण पायलेट भत्ता प्राप्त करेगा"।

10 उक्त विनियम के विनियम 111ब के पश्चात निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"111क भारत में प्रशिक्षण के दौरान अनुज्ञेयता—जब आफिसर भारत में प्रशिक्षण के लिए 180 दिन से अनधिक की कालावधि के लिए जाता है तो भत्ते के लिए उसकी पात्रता उसकी तैनाती के उस स्थान के प्रति जहां से वह प्रशिक्षण पर जाता है, निर्देश से अवधारित की जाती रहेगी। तथापि जहां प्रशिक्षण की कालावधि 180 दिन से अधिक है वहां ऐसे प्रशिक्षण की कालावधि के दौरान भत्ते की पुनर्वंधता के कारण प्रशिक्षण के स्थान के प्रति, उसे उस कालावधि के दौरान तैनाती का स्थान मानते हुए, निर्देश से अवधारित की जाएगी।

11 उक्त विनियमों के विनियम 111ङ के पश्चात निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

3 अध्यापन फीस की प्रतिपूर्ति—वेतन का विचार किए बिना सभी अधिकारी सिविलियन सरकारी सेवकों को, जिन्हें रक्षा सेवा प्राक्कलन से प्रयोग किया जाता है, लागू दरों पर और शर्तों के अधीन अध्यापन फीस की प्रतिपूर्ति प्राप्त करेंगे।

ख होस्टल संबंधी आर्थिक सहायता—ऐसे अधिकारी जो उस स्थान से, जहां वे तैनात हैं और या निवास कर रहे हैं, दूर किसी आवासिक विद्यालय के होस्टल में अपने बच्चों को रखने के लिए बाध्य हैं, होस्टल संबंधी आर्थिक सहायता के केन्द्र से सरकारी सिविलियन सेवकों को, जिनमें स्थानीय प्राक्कलन और सशाय किया जाता है, लागू दरों पर और शर्तों के अधीन हकदार होंगे।

12 उक्त विनियमों के विनियम 124 के पश्चात निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित किये जायेंगे, अर्थात् :—

"124क. उन अधिकारियों की, जिनकी सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाती है, छुट्टी हकदारी का भुनाना—किसी अधिकारी की सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाने की दशा में उस वेतन और महंगाई भत्ते के समतुल्य नकद धन, जो मृत आफिसर ने, यदि वह वार्षिक/संचित छुट्टी पर गया होता, प्राप्त किया होता किन्तु अपनी मृत्यु के कारण प्राप्त नहीं कर सका जो मृत्यु की तारीख के ठीक पश्चात बरसी तारीख को देय और अनुज्ञेय है, वारिस को संदाय किया जायेगा।

स्पष्टीकरण :

उक्त प्रायोजक की विशिष्टता शब्द को वैसे ही परिभाषित किया जायेगा जैसा विनियम 35 में है और इसके अन्तर्गत पनडुब्बी वेतन भी होगा।

13. उक्त विनियम के विनियम 134-घ के पश्चात निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"134ङ. पात्रता—जब नौसैनिक (जिसमें आयुक्त आफिसर, एम. सी. ओ. पी. 1 और 2 तथा सी. पी. ओ. के रूप में अवैतनिक रैंक धारण करने वाले नौसैनिक भी हैं) 180 दिन से अधिक की कालावधि के लिए भारत में प्रशिक्षण पर जाते हैं, भत्ते के लिए उनकी पात्रता उनकी तैनाती के उस स्थान के प्रति, जहां से वे प्रशिक्षण पर जाते हैं अवधारित होती रहेगी। तथापि, जहां प्रशिक्षण की कालावधि 180 दिन से अधिक है, वहां ऐसे प्रशिक्षण की कालावधि के दौरान भत्ते की अनुज्ञेयता प्रशिक्षण के स्थान के प्रति निर्देश से, उसे उस कालावधि के दौरान तैनाती का स्थान मानते हुए, अवधारित की जायेगी।

"134च. अध्यापन फीस की प्रतिपूर्ति—सभी नौसैनिक (जिनमें आयुक्त आफिसर के रूप में अवैतनिक रैंक धारण करने वाले नौसैनिक भी हैं, वेतन का विचार किए बिना, सिविल सरकारी सेवकों को, जिन्हें रक्षा सेवा प्राक्कलन से संदाय किया जाता है, लागू शर्तों के अधीन और दरों पर अध्यापन फीस की प्रतिपूर्ति प्राप्त करेंगे"।

14. उक्त विनियम के विनियम 140 के पश्चात, निम्नलिखित शीर्षक और विनियम अन्तःस्थापित किए जायेंगे, अर्थात् :—

छोटी पनडुब्बी वेतन :

140क. अनुज्ञेयता और दरें—(1) छोटी पनडुब्बी कर्मीदल, जब वह छोटी पनडुब्बी कर्मीदल संख्या में हो, टिप्पण में अधिकथित शर्तों के अधीन रहते हुए पनडुब्बी चालकों को अनुज्ञेय पनडुब्बी वेतन के समतुल्य छोटी पनडुब्बी वेतन के हकदार होंगे।

टिप्पण : छोटी पनडुब्बी वेतन इस शर्त के अधीन रहते हुए अनुज्ञेय होगा कि छोटी पनडुब्बियों की कर्मीदल संख्या वाले नौसैनिक नौसेना समूह बीमा स्कीम के माध्यम से सभी जोखिमों के लिए कम से कम 1 लाख रुपये का अतिरिक्त जीवन बीमा लाभ 150 रुपये प्रतिमास के अभिदाय पर प्राप्त कर लेते हैं। नौसेना समूह बीमा सेवा निवृत्ति/निर्मुक्ति पर उक्त बीमा स्कीम के अधीन आने वाले नौसैनिकों को "उत्तर जीविका फायदों" का संदाय करेगा, जिसकी रकम का अवधारण, समय समय पर नौसेना समूह बीमा स्कीम द्वारा किया जायगा।

15. उक्त विनियम के विनियम 154 में, (1) उप विनियम (1) "8.75" और "7.00" अंकों के स्थान पर "12.50" और "10.00 अंक क्रमशः रखे जायेंगे।

16. उक्त विनियम के विनियम 157क के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखे जायेंगे, अर्थात् :—

"157क. होस्टल संबंधी आर्थिक सहायता—नौसैनिकों को होस्टल संबंधी आर्थिक सहायता विनियम 111छ के अधीन अधिकारियों को लागू दरों और शर्तों पर मंजूर की जायेगी"।

17. उक्त विनियमों में,—

(ii) उक्त विनियम 178क और 178ख को क्रमशः विनियम 178ख और 178ग के रूप में पुनः संख्यांकित किया जायेगा।

(ii) विनियम 178ख को इस प्रकार पुनः संख्यांकित किए जाने के पूर्व, निम्नलिखित विनियम को अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"178क. उड़ान प्रभार प्रमाणपत्र भत्ता—उड़ान प्रभार प्रमाणपत्र भत्ता निम्नलिखित प्रवर्गों के नौसैनिकों को प्रत्येक के सामने दर्शित दरों पर अनुज्ञेय होगा :—

(क) मास्टर मुख्य एअर आर्टिफिसर/मैकेनीशियन वर्ग I और वर्ग II तथा मुख्य एअर आर्टिफिसर/मैकेनीशियन-100 रुपये प्रतिमास,

(ख) एअर आर्टिफिसर/मैकेनिशियन, वर्ग I और वर्ग I और वर्ग III 50 रुपये प्रतिमास;

(iii) पुनः संख्यांकित रूप में विनियम 178ख में, "सतासी पैसे" शब्दों के स्थान पर "एक रुपये बीस पैसे" शब्द रखे जायेंगे,

(iv) पुनः संख्यांकित रूप में विनियम 178ग के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखे जायेंगे, अर्थात् :—

178ग. बोनस की अनुज्ञेयता—(1) बोनस 4.8 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर पर, त्रैमासिक रूप में संयोजित करके, अर्थात् प्रत्येक त्रैमास के अन्त में नाविक के व्यक्तिगत चालू खाता लेखा में यथा विद्यमान जमा-अतिशेष को 50 रुपये की प्रत्येक पूर्ण राशि पर, उसमें से त्रैमास के अंतिम मास के शुद्ध वेतन और भत्ते की राशि को घटाकर, साठ पैसे प्रति त्रैमास नौसैनिक के व्यक्तिगत चालू खाता लेखा में जमा किया जाएगा। अतिशेष में 50 रुपये से कम की राशि को हिसाब में नहीं लिया जाएगा।

(2) ऐसे व्यक्तियों की दशा में जो हताहत हो जाते हैं, बोनस उनसे पूर्ववर्ती त्रैमास के, जिसमें उनका लेखा अंतिम रूप से बंद किया गया है, अंतिम दिन तक जमा किया जायगा।

टिप्पण—जमा अतिशेष पर ब्याज की संगणना के प्रयोजन के लिए पुनः नियोजित पेंशनरों की पेंशन को भी, जहां उसका संदाय आई. आर. एल. ए. के माध्यम से किया जाता है, गणना में लिया जायेगा।

18. उक्त विनियमों के विनियम 180 के पश्चात निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित किये जायेंगे, अर्थात् :—

180क. छुट्टी हकदारी का भुनाना—नौसैनिक (जिसके अन्तर्गत शिशु और बॉय भी है) सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाने की दशा में उस वेतन और महंगाई भत्ते के समतुल्य नगद का जो मृत व्यक्ति ने यदि वह वार्षिक संचित वार्षिक छुट्टी पर गया होता प्राप्त किया होता किन्तु अपनी मृत्यु के कारण प्राप्त नहीं कर सका, जो मृत्यु की तारीख के ठीक पश्चातवर्ती तारीख को देय और अनुज्ञेय है, वारिस को संदाय किया जायेगा।

स्पष्टीकरण :

इस प्रयोजन के लिए "वेतन" शब्द के अन्तर्गत मूल वेतन के अतिरिक्त निम्नलिखित होगा :

(i) अच्छा आचरण वेतन

(ii) उड़ान वेतन

(iii) पनडुब्बी वेतन।]

19. उक्त विनियमों के विनियम 183 में "पांच रुपये" शब्दों के स्थान पर "दो रुपये" शब्द रखे जायेंगे।

20. उक्त विनियमों के विनियम 191क में "7,500" और "3,000" अंकों के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित अंकों को रखा जायेगा :—

"15,000/-"

"10,000/-"

"5,000/-"

21. उक्त विनियमों के विनियम 229 में खण्ड (क) के स्थान पर निम्नलिखित रखे जायेंगे, अर्थात् :—

"(क) अधिकारी

(1) एक पोत या नियुक्ति से दूसरे को अन्तरण पर जो स्टेशन का परिवर्तन आवश्यक बनाता है—एक मास का वेतन ।

(2) जब ड्यूटी पर या प्रतिनियुक्ति पर विदेश जा रहे हों अथवा विदेश से भारत को वापस आ रहे हों—एक मास का वेतन ।

(3) वार्षिक छुट्टी या मिश्रित छुट्टी पर जाते हुए—छुट्टी के वार्षिक छुट्टी भाग के लिए वेतन ।

टिप्पण :

वेतन के अग्रिम का संदाय करने के प्रयोजन के लिए एक मास के वेतन के परिमाण का अवधारण करने में निम्नलिखित तत्वों को वेतन में जोड़ा जायेगा ।

(क) वेतन

(ख) अर्हता वेतन

(ग) किट अनुरक्षा भत्ता

(घ) उड़ान वेतन

(ङ) पनडुब्बी वेतन

(च) प्रेक्टिस-बंदी भत्ता—चिकित्सीय और वन्त संबंधी अधिकारियों की दशा में ।

स्पष्टीकरण : आफिसर, जब वे एक मास से कम की कालावधि के लिए भारत से बाहर ड्यूटी पर या प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हों, उपखंड (ii) के अधीन अग्रिम वेतन के हकदार नहीं हैं ।

22. उक्त विनियमों के विनियम 237 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"237. मंजूरी प्राधिकारी और अनुदान की वह रकम जिसे वह मंजूर कर सकते हैं—

(1) अधिकारियों के ऐसे प्रवर्ग जिनको उधार अनुज्ञेय है, मंजूरी प्राधिकारी और अनुज्ञेय उधार की रकम सारणी में वर्णित की गई ।

सारणी

किसको अनुज्ञेय है (1)	मंजूरी प्राधिकारी (2)	अनुज्ञेय रकम (3)
(क) (1) नौसेना अध्यक्ष	भारत सरकार	(1) प्रथम अवसर पर 20,000 रुपये या 20 मास का वेतन या मोटरकार की कीमत, इनमें से जो भी न्यूनतम हो ।
(2) विदेशस्थ भारतीय मिशन में सेवा करने वाले आफिसर	भारत सरकार	(2) दूसरे और पश्चात्वर्ती उधार के लिए, उधार की रकम क्रय की जाने वाली मोटर कार की कीमत और पूर्ववर्ती बकाया उधार (मूल और ब्याज) के पुनः संदाय के पश्चात संबंधित सरकारी सेवा के पास की पुरानी कार के विक्रय आगम के बीच के अन्तर तक 15,000 रुपये से अनधिक की रकम या 15 मास की रकम के अधीन रहते हुए, जो भी कम हो, निर्बंधित की जा सकती है ।
(ख) फ्लैग आफिसर कमांडिंग इन-चीफ, पश्चिमी कमान, फ्लैग आफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ पूर्वी नौसेना कमान, फ्लैग आफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी नौसेना कमान ।	नौसेना अध्यक्ष	(1) प्रथम अवसर पर 20,000 रुपये या 20 मास का वेतन या मोटर कार की कीमत, इनमें से जो भी न्यूनतम हो । (2) दूसरे और पश्चात्वर्ती उधार के लिए, उधार की रकम क्रय की जाने वाली मोटरकार की कीमत और पूर्ववर्ती बकाया उधार (मूल और ब्याज) के पुनः संदाय के पश्चात संबंधित सरकारी सेवक के पास की पुरानी कार के विक्रय आगम के बीच के अन्तर तक, 15,000 रुपये से अनधिक की रकम या 15 मास की रकम के अधीन रहते हुए, जो भी कम हो, निर्बन्धित की जा सकती है ।
(ग) तट पर सेवा करने वाले सभी नौसैनिक आफिसर, जो फ्लैग आफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ, पश्चिमी नौसेना कमान के अधीन सेवारत हों ।	फ्लैग आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पश्चिमी नौसेना कमान	(1) प्रथम अवसर पर 20,000 रुपये या 20 मास का वेतन या मोटर कार की कीमत, इनमें से जो भी न्यूनतम हो । (2) दूसरे और पश्चात्वर्ती उधार के लिए, उधार की रकम क्रय की जाने वाली मोटर कार की कीमत और पूर्ववर्ती बकाया उधार (मूल और ब्याज) के पुनः संदाय के पश्चात

(1)	(2)	(3)
		संबंधित सरकारी सेवा के पास की पुरानी कार के विक्रय आगम के बीच के अन्तर तक 15,000 रुपये से अनधिक की रकम या 15 मास की रकम के अधीन रहते हुए, जो भी कम हो, निर्बन्धित की जा सकती हैं।
(घ) तट पर सेवा करने वाले सभी नौसेना आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी नौसेना कमान के अधीन हों।	फ्लैग आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी नौसेना कमान।	(1) प्रथम अवसर पर 20,000 रुपये या 20 मास का वेतन या मोटर कार की कीमत, इनमें से जो भी न्यूनतम हो। (2) दूसरे और पश्चातवर्ती उधार के लिए, उधार की रकम क्रय की जाने वाली मोटर कार की कीमत और पूर्ववर्ती बकाया उधार (मूल और ब्याज) के पुनः संदाय के पश्चात संबंधित सरकारी सेवा के पास की पुरानी कार के विक्रय आगम के बीच के अन्तर तक, 15,000 रुपये से अनधिक की रकम या 15 मास की रकम के अधीन रहते हुए, जो भी कम हो, निर्बन्धित की जा सकती हैं
(ङ) तट पर सेवा करने वाले सभी नौसैनिक आफिसर जो फ्लैग आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ दक्षिणी नौसेना कमान के अधीन हों।	फ्लैग आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी नौसेना कमान।	(1) प्रथम अवसर पर 20,000 रु. या 20 मास का वेतन या मोटरकार की कीमत, इनमें से जो भी न्यूनतम हो। (2) दूसरे और पश्चातवर्ती उधार के लिए, उधार की रकम क्रय की जाने वाली मोटर कार की कीमत और पूर्ववर्ती बकाया उधार (मूल और ब्याज) के पुनः संदाय के पश्चात संबंधित सरकारी सेवा के पास की पुरानी कार के विक्रय आगम के बीच के अन्तर तक, 15,000 रुपये से अनधिक की रकम या 15 मास की रकम के अधीन रहते हुए, जो भी कम हो, निर्बन्धित की जा सकती है।
(च) इनस्ट्रक्शनल स्टाफ और स्टूडेंट आफिसर, रक्षा सेवा स्टाफ कालेज, वेलिंगटन।	कमांडेंट, रक्षा सेवा स्टाफ कालेज, वेलिंगटन।	(1) प्रथम अवसर पर 20,000 रुपये या 20 मास का वेतन या मोटरकार की कीमत, इनमें से जो भी न्यूनतम हो। (2) दूसरे और पश्चातवर्ती उधार के लिए, उधार की रकम क्रय की जाने वाली मोटर कार की कीमत और पूर्ववर्ती बकाया उधार (मूल और ब्याज) के पुनः संदाय के पश्चात संबंधित सरकारी सेवा के पास की पुरानी कार के विक्रय आगम के बीच के अन्तर तक, 15,000 रुपये से अनधिक की रकम या 15 मास की रकम के अधीन रहते हुए, जो भी कम हो, निर्बन्धित की जा सकती है।
(छ) स्टाफ और स्टूडेंट आफिसर, जिन्हें वेतन रक्षा सेवा प्राक्कलन, राष्ट्रीय रक्षा कालेज, नई दिल्ली से दिया जाता है।	कमांडेंट, राष्ट्रीय रक्षा कालेज, नई दिल्ली।	(1) प्रथम अवसर पर 20,000 रुपये या 20 मास का वेतन या मोटर कार की कीमत, इनमें से जो भी न्यूनतम हो। (2) दूसरे और पश्चातवर्ती उधार की रकम क्रय की जाने वाली मोटरकार की कीमत और पूर्ववर्ती बकाया उधार (मूल और ब्याज) के पुनः संदाय के पश्चात संबंधित सरकारी सेवा के पास की पुरानी कार के विक्रय आगम के बीच के अंतर तक, 15,000 रुपए से अनधिक की रकम या 15 मास की रकम के अधीन रहते हुए जो भी कम हो, निर्बन्धित की जा सकती है।

(1)	(2)	(3)
(ज) सभी नौसैनिक आफिसर, जो नौसेना परियोजना, विशाखापत्तनम में सेवारत हों।	महानिदेशक, नौसेना परियोजना, विशाखापत्तनम।	(1) प्रथम अवसर पर 20,000 रु. या 20 मास का वेतन या मोटरकार की कीमत, इनमें से जो भी न्यूनतम हो। (2) दूसरे और पश्चात्वर्ती उधार के लिए, उधार की रकम क्रय की जाने वाली मोटरकार की कीमत और पूर्ववर्ती बकाया उधार (मूल और ब्याज) के पुनः संदाय के पश्चात संबंधित सरकारी सेवा के पास की पुरानी कार के विक्रय आगम के बीच के अन्तर तक, 15,000 रुपए से अनधिक की रकम या 15 मास की रकम के अधीन रहते हुए, जो भी कम हो, निर्बन्धित की जा सकती है।

परन्तु यह कि संविधान के अनुच्छेद 352 के अधीन 26 अक्तूबर, 1962 को घोषित आपात स्थिति के बने रहने के दौरान मोटर कार के क्रय के लिए अधिकतम अग्रिम 12,000 रुपये तक या सरकारी सेवक के बारह मास के वेतन अथवा मोटर कार की प्रत्याशित कीमत तक, जो भी कम से कम हो, सीमित होगा। इस प्रकार मंजूर किए गए अग्रिम की रकम 60 मासिक किस्तों से अनधिक में वसूलीय होगी।

(2) इस विनियम के अधीन मोटर कार के क्रय के लिए उधार मंजूर करने के लिए प्राधिकृत प्राधिकारी अपने विवेक से उधार मांगने वाले आफिसर द्वारा धारित कार्यकारी रैंक या उस समय की नियुक्ति के आधार पर ऐसा उधार मंजूर कर सकेगा परन्तु यह तब अवकि—

(क) ऐसे आफिसर ने लगातार 6 मास तक कार्यकारी रैंक या नियुक्ति धारित की हो और यह संभावना न हो कि उसको काफी नीचे के रैंक में प्रतिवर्तित किया जा सकेगा जिससे कि उस के लिए मूल रूप से नियत की गई नियमित मासिक किस्तों में रकम का पुनः संदाय करना कठिन होगा, और

(ख) ऐसे मामले में यह स्पष्ट कर दिया गया हो कि प्रतिमास वसूलीय रकम की कमी के लिए हेतुक के रूप में नीचे के रैंक या नियुक्ति में प्रतिवर्तन के परिणामस्वरूप कठिनता के किसी अभिवाक को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(ग) उक्त मद (क) (ii) में निर्दिष्ट आफिसर के लिए उधार की मंजूरी इस शर्त के अधीन रहते हुए होगी कि उधार के लिए आवेदन आफिस द्वारा विदेशस्थ स्टेशन में उसके पहुंचने के 12 मास के भीतर किया गया है।'

23. उक्त विनियमों के विनियम 239 के उप विनियम (2) में "दो मास" शब्दों के स्थान पर, "चार मास" शब्द रखे जायेंगे।

24. उक्त विनियमों के विनियम 244 के खण्ड (क) में "1/80" अंकों के स्थान पर "पहले अवसर के लिए 1/100 भाग और दूसरे अवसर के लिए 1/75 भाग" शब्द, अंक और अक्षर रखे जायेंगे।

25. उक्त विनियमों के विनियम 246 और 246-क का लोप किया जायेगा।

26. उक्त विनियमों के विनियम 247 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखे जायेंगे, अर्थात् :—

"247. अनुज्ञेयता की शर्तें—मोटर कारों के प्रयोजन के लिए किसी उधार के संबंध में इन विनियमों के अधिकथित सेवा शर्तों, अन्य बातों के साथ साथ मोटर साइकिल, स्कूटरों, स्कूट्रेटों और आटो साइकिलों के क्रय के लिए लागू होंगी।"

27. उक्त विनियमों के विनियम 248 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखे जायेंगे, अर्थात् :—

"248. मंजूरी प्राधिकारी—ऐसे व्यक्ति, जिन्हें मोटर साइकिलों, स्कूटरों, स्कूट्रेटों और आटो साइकिलों के क्रय के लिए उधार अनुज्ञेय हैं और वे प्राधिकारी जो उन्हें मंजूर करने के सशक्त हैं, नीचे सारणी में दिये गये हैं :—

सारणी

किसे अनुज्ञेय है	मंजूरी प्राधिकारी
(क) नौसेना मुख्यालय में सेवा करने वाले व्यक्ति।	
(1) सभी नौसैनिक आफिसर (2) सभी सिविलियन आफिसर (3) सभी नौसैनिक जो एल. एस. तथा उससे ऊपर के रैंक के हों, जिनका मूल वेतन 500 रुपये प्रतिमास से अधिक हो। (4) सभी सिविलियन अधीनस्थ जिनका मूल वेतन 500 रुपये प्रतिमास से अधिक हो।	नौसेना अध्यक्ष
(ख) नौसैनिक मुख्यालय से बाहर तटीय स्थापनाओं में सेवा करने वाले सभी व्यक्ति।	
(1) सभी नौसैनिक आफिसर (2) सभी सिविलियन आफिसर	अपने अपने प्रशासनिक अधिकारी अर्थात् फ्लैग आफिसर कमा-

(3) सभी नौसैनिक जो एल.एस. और उससे ऊपर के रैंक के हों, जिनका मूल वेतन 500 रुपये प्रतिमास से अधिक हों। (4) सभी सिविलियन अधीनस्थ जिनका मूल वेतन 500 रुपये प्रतिमास से अधिक हों।	इंग इन चीफ, पश्चिमी नौसेना कमान, पूर्वी नौसेना कमान और दक्षिणी नौसेना कमान।
(ग) इन्सट्रक्शनल स्टाफ और स्टूडेंट आफिसर तथा एल.एस. तथा उससे ऊपर के रैंक के अन्य नौसेना कार्मिक, जिनका मूल वेतन 500 रुपये प्रतिमास से अधिक हो।	कमांडेंट, सेना कार्यालय, रक्षा कालेज, वेलिंगटन।
(घ) राष्ट्रीय रक्षा कालेज, नई दिल्ली के कर्मचारीवृन्द और विद्यार्थी आफिसर। जिनका मूल वेतन 500 रुपये प्रतिमास से अधिक हो।	कमांडेंट, राष्ट्रीय रक्षा कालेज, नई दिल्ली।
(ङ) नौसेना आफिसर और अन्य नौसेना कार्मिक जो एल.एस. तथा उससे ऊपर के रैंक के हों, जिनका मूल वेतन 500 रुपये प्रतिमास से अधिक हो।	महानिदेशक, नौसेना परियोजना, विशाखापत्तनम।
मोपेड	
(च) (1) वे व्यक्ति, जो मोटर साइकिल, स्कूटर उधार की मंजूरी के लिए पात्र हैं।	(1) नौसेना मुख्यालय में सेवारत व्यक्तियों की दशा में नौसेना अध्यक्ष।
(2) सभी नौसैनिक जो एल.एस. तथा उससे ऊपर के रैंक के हों, जिनका मूल वेतन 500 रुपये प्रतिमास से कम हो, उनको छोड़कर जो फील्ड रियायती क्षेत्रों में सेवा कर रहे हों इस मामले में उधार का परिणाम केवल 1500 रुपये होगा, जो 60 मासिक किस्तों में वसूलीय होगा।	(2) अपने-अपने प्रशासनिक अधिकारी अर्थात् अपनी-अपनी कमांड के अधीन सेवा करने वाले व्यक्तियों की दशा में फ्लैग आफिसर कमांडिंग इन चीफ, पश्चिमी नौसेना कमान, पूर्वी नौसेना कमान और दक्षिणी नौसेना कमान।
	(3) कमांडेंट, रक्षा सेवा स्टाफ कालेज, वेलिंगटन।
	(4) राष्ट्रीय रक्षा कालेज, नई दिल्ली में सेवा करने वाले व्यक्तियों की दशा में कमांडेंट राष्ट्रीय रक्षा कालेज, नई दिल्ली।
	(4) नौसेना परियोजना, विशाखापत्तनम में सेवा करने वाले व्यक्तियों की दशा में महानिदेशक, नौसेना परियोजना, विशाखापत्तनम।

28. उक्त विनियमों के विनियम 248 के पश्चात, निम्नलिखित विनियम अंतः स्थापित किया जायगा, अर्थात् :—

"248क. अग्रिम की मात्रा—(1) प्रथम अवसर पर अधिकतम अनुज्ञेय रकम 3500 रुपये या व्यक्ति का दस मास का वेतन या वाहन का पूर्वानुमानित मूल्य, इनमें से जो भी सब से कम हो।

(2) द्वितीय पश्चातवर्ती अवसर पर—अग्रिम की वह मात्रा जो द्वितीय या पश्चातवर्ती अवसरों पर मंजूर की जा सकेगी, क्रय किए जाने वाले वाहन के मूल्य और पूर्वतर बकाया अग्रिम (जिसमें अंतर्गत ब्याज है), यदि कोई है, के प्रतिदाय के पश्चात व्यक्ति के पास शेष विक्रय आगम के अंतर के समतुल्य होगी किन्तु इस प्रकार मंजूर किए गए अग्रिम की रकम 2750 रुपये या आठ मास के वेतन से, जो भी सब से कम हो, अधिक नहीं होगी।"

29. उक्त नियमों के नियम 249 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"249क. अग्रिम की वसूली—(1) स्थायी नियुक्ति पर सेवारत अफसरों से—वसूली सत्तर किश्तों में की जाएगी। तथापि, उस अफसर से जो उसके द्वारा अग्रिम लिए जाने के पश्चात वेतन के प्रथम सदाय से छह वर्ष के भीतर सेवा निवृत्त होने वाला है अग्रिम की वसूली उतनी किश्तों में की जाएगी जिससे कि अग्रिम और उस पर ब्याज की वसूली अफसर की सेवा निवृत से पूर्व उसे दिए जाने वाले अंतिम वेतन के समय पूरी हो जाए।

(2) अस्थायी नियुक्ति पर सेवारत अफसर से—अग्रिम तीन वर्ष के भीतर या उनकी नियुक्ति के पर्यवसान की तारीख से पूर्व, जो भी पूर्वतर हो, वसूल किया जाएगा"।

30. उक्त नियमों के विनियम 274 के पश्चात, निम्नलिखित विनियम अंतः स्थापित किया जायगा, अर्थात् :—

"275. अवैतनिक आयुक्त आफसरों के जिनकी मृत्यु सेवा के दौरान हो जाती है, छुट्टी हकदारी का भुनाया जाना—किसी अवैतनिक आयुक्त आफिसर की सेवा के दौरान मृत्यु हो जाने की दशा में, उस वेतन और महंगाई भत्ते के समतुल्य नकद राशि जो मृत आफिसर को, यदि वह मृत्यु की तारीख के ठीक पश्चात की तारीख को शोध्य और अनुज्ञेय वार्षिक/संचित वार्षिक छुट्टी पर, यदि उसकी न हुई होती, त जाने की दशा में प्राप्त करता, उसके वारिसों को संदत्त की जाएगी।

स्पष्टीकरण—उपर्युक्त प्रयोजन के लिए "वेतन" पद से विनियम 35 में यथापरिभाषित वेतन अभिप्रेत होगा और उसके अंतर्गत पारुद्धी वेतन भी होगा।"

31. उक्त विनियमों के परिशिष्ट 1 में, खंड (2) के उपखंड (क) के पश्चात, निम्नलिखित जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"सेना चिकित्सा कोर की महिला चिकित्सा अधिकारियों की दशा में, नौसेना में अनुमोदित किए जाने पर, 1000 रुपये का आरंभिक परिधान भत्ता मंजूर किया जायगा। अनुमोदन की तारीख से सात वर्ष की प्रभावी सेवा के पश्चात, वह 800 रुपये के नवीकरण परिधान-भत्ता की मंजूरी की, उन्हीं निबंधनों और शर्तों के अधीन रहते हुए, जो नौसेना के अन्य चिकित्सा अधिकारियों को लागू हैं, पात्र होंगी।"

32. उक्त विनियमों के परिशिष्ट 8 के स्थान पर, निम्नलिखित परिशिष्ट रखा जाएगा, अर्थात् :—

परिशिष्ट 8

(विनियम 86 और 87 देखिए)

अनुभाग 1—वे अर्हताएं जो आफिसर को 100 रुपये प्रतिमास के उच्चतर अर्हता वेतन का हकदार बनाती हैं :

1. अर्हित उड़ान अनुदेशक प्रवर्ग क-2

2. अर्हित नौचालन अनुदेशक प्रवर्ग क-2

3. विमानचालक जो मास्टर ग्रीन कार्ड के धारक हैं।

अनुभाग 2--वे अर्हताएं जो आफिसर को 125 रुपये प्रतिमास के उच्चतर अर्हता वेतन का हकदार बनाती हैं :--

1. अर्हित उड़ान अनुदेशक प्रवर्ग क-1

2. अर्हित नौचालन अनुदेशक प्रवर्ग क-1

अनुभाग 3--वे अर्हताएं जो आफिसर को 70 रुपये प्रतिमास के निम्नतर अर्हित वेतन का हकदार बनाती :--

1. अर्हित उड़ान अनुदेशक प्रवर्ग 'ख'

2. अर्हित नौचालन यअनुदेशक प्रवर्ग 'ख'

3. विमानचालक जो ग्रीन कार्ड के धारक हैं।

टिप्पण--अनुभाग 1, 2 और 3 में दर्शित अर्हताओं के लिए अर्हता वेतन इस शर्त के अधीन रहते हुए अनुज्ञेय होगा कि वे स्वयं को सेवा के हित में अर्हता की अपेक्षित स्थिति में निम्नतर बनाए रखते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कि उन्होंने अर्हता बनाए रखी है उनका कालिक परीक्षण किया जाता है।

अनुभाग 4--वे अर्हताएं जो आफिसर को 6000 रुपये एक मुश्त के उच्चतर अर्हता अनुदान का हकदार बनाती हैं :--

1. पी.एम.सी.

2. पी.टी.एस.सी.

3. इंस्टीट्यूट आफ मेरीन इंजीनियर्स (लन्दन) का फैलो या सदस्य, यदि अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात प्राप्त की गई है।

4. इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियर्स (भारत) का सदस्य या सहयुक्त सदस्य यदि अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात प्राप्त की गई है।

5. रायल एरोनाटिकल सोसायटी, यू.के./ऐरोनाटिकल सोसायटी (भारत) का सदस्य या सहयुक्त सदस्यता, यदि अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात प्राप्त की गई है।

6. दूर गनरी पाठ्यक्रम (जी)

7. दूर नौचालन तथा निर्देशन पाठ्यक्रम (एन डी)

8. दूर तारीपीडो पनडुब्बी शोध पाठ्यक्रम (टी ए एस)

9. दूर संचार पाठ्यक्रम (सी)

10. इंस्टीट्यूट आफ टेलीकम्यूनिकेशन्स इंजीनियर्स (भारत) जो अब इंस्टीट्यूशन आफ इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन्स इंजीनियर्स के नाम से ज्ञात है, की सदस्यता या सहयुक्त सदस्यता, यदि वह उस संस्थान द्वारा आयोजित स्नातक परीक्षा, उत्तीर्ण करने के पश्चात, भौतिक/अनुप्रयुक्त भौतिकी, संचार (बेतार) में डी एस सी/पी एच डी के पश्चात प्राप्त की गई है।

11. भौतिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी, संचार (बेतार)/गणित, इंजीनियरी और धातुकी में डी.एस सी/पी एच डी।

12. उच्चतर मौसम विज्ञान पाठ्यक्रम।

13. फाइटर कम्बेट पाठ्यक्रम।

14. परीक्षण विमानचालक पाठ्यक्रम।

15. दूर जलसर्वेक्षकीय विशेषज्ञ पाठ्यक्रम।

16. दीर्घकालिक सैन्य संचालन तथा प्रबंध (एल एम सी) पाठ्यक्रम।

अनुभाग 5--वे अर्हताएं जो आफिसर को 4500 रुपये एकमुश्त को निम्नतर अर्हता अनुदान का हकदार बनाती हैं :--

1. इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (भारत) की सहयुक्त सदस्य परीक्षा के भाग 'क' और 'ख' में उत्तीर्णता या ऐसी कोई इंजीनियरी डिग्री या अर्हता जिसे उक्त संस्थान अपनी सहयुक्त सदस्यता परीक्षा के अनुभाग 'क' और 'ख' से छूट के लिए मान्यता प्रदान करता है (ऐसे आफिसरों के लिए जो कमीशन प्राप्त करने के समय इंजीनियरी में स्नातक नहीं हैं)

2. वायु इंजीनियरी (क/ख) संपरिवर्तन पाठ्यक्रम।

3. शिक्षा में मास्टर की डिग्री।

4. जी.टी.एस. तंबरम, संख्या 2 में विशेषज्ञ फोटो आफिसर पाठ्यक्रम

5. वायु युद्ध अनुदेशक पाठ्यक्रम।

6. विमानचालक अग्रिम अनुदेशक पाठ्यक्रम (उन आफिसरों के लिए जो भारत में भारतीय वायु सेना प्रशिक्षण संस्थानों में पाठ्यक्रम पूरा कर रहे हैं)।

7. उच्चतर/माध्यमिक/स्टाफ नौचालन पाठ्यक्रम।

टिप्पण--वे अधिकारी जिन्होंने एस एस ए सी में अर्हता प्राप्त कर ली है और 1 दिसम्बर, 1980 से पूर्व अर्हता अनुदान का दावा नहीं किया है 4500 रुपये के अर्हता अनुदान करने रखा करने के हकदार होंगे।

अनुभाग 6--वे अर्हताएं जो आफिसर को 2400 रुपये एकमुश्त अर्हता अनुदान का हकदार बनाती है :--

बार एटला, एलएल बी, बी एल या विधि में कोई समतुल्य या उच्चतर डिग्री।

अनुभाग 7--अर्हता जो आफिसर को 1600 रुपये के एक मुश्त अर्हता अनुदान का हकदार बनाती हैं :--

वैमानिक निरीक्षण सेवा पाठ्यक्रम।

पाद टिप्पण :--मूल विनियम भारत के राजपत्र भाग 2, खण्ड 4 तारीख 5 जनवरी, 1966 में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की अधिसूचना संख्या सी ए स आर 1-ई तारीख 5 जनवरी, 1966 द्वारा प्रकाशित किए गए और पश्चतावर्ती उन्हें निम्नलिखित द्वारा संशोधित किया गया:

(1) भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की अधिसूचना संख्या सी एस आर 9 ई तारीख 19 मार्च, 1974, जो भारत के राजपत्र भाग 2, खण्ड 4 के पृष्ठ 1 से लेकर 124 तक पर प्रकाशित की गई थी।

(2) भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की अधिसूचना संख्या सी एस आर 19ई तारीख 23 अक्तूबर, 1986, जो भारत के राजपत्र भाग 2 खण्ड 4 आधारण में प्रकाशित की गई थी।

[मिसिल संख्या पी सी टू एम एफ/पी ए-1402/III]

अरविंद कौल संयुक्त सचिव
(पी एण्ड डब्ल्यू.)

New Delhi, the 9th May, 1989

S.R.O. 132.—In exercise of powers conferred by section 184 of the Navy Act, 1957 (62 of 1957), the Central Government hereby makes the following regulations further to amend the Navy (Pay and Allowances) Regulations, 1966, namely :

1. (i) These regulations may be called the Navy (Pay and Allowances) (Amendment) Regulations, 1988.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Navy (Pay and Allowances) Regulations, 1966 (hereinafter referred to as the said regulations) for clause (b) of sub-regulation (1) of regulation 23, the following clause shall be substituted, namely :—

"(b) At half the rates in other cases except the officers of the Naval Air Squadron whilst embarked on board INS Vikrant".

3. After regulation 29 of th said regulations, the following heading and regulation shall be inserted, namely :—

"CHARIOT PAY"

29-A Admissibility and rates—(1) Chariot crew whilst borne against the chariot strength are entitled to chariot pay equivalent to the sub-marine pay admissible to submariners subject to the conditions laid down in note.

(2) Chariot pay shall be treated as pay for all purposes.

Note: Chariot pay equivalent to submarine pay is admissible subject to the condition that officers borne against the chariot strength obtain additional life insurance cover through Naval Group Insurance Scheme against all risks for an amount of Rs. 2 lakhs on payment of a contribution of Rs. 234/- per month. The Naval Group Insurance Scheme will pay survival benefits to officers covered under the above insurance scheme on retirement/release, the amount of which shall be determined by the Naval Group Insurance Scheme from time to time.

4. For sub-regulation (1) of regulation 31 of the said regulations, the following sub-regulations shall be substituted, namely :—

"(1) The dearness allowance may be drawn during any period of leave other than (i) leave without pay and allowances in or outside India (ii) any portion of leave pending retirement spent outside India, except that in case of leave pending retirement in India, it shall be admissible only during the first 180 days."

5. For regulation 36 of the said regulations, the following regulations shall be substituted, namely :—

"36. Rounding off the monthly rate — The amount of dearness allowance for a month arrived at on actual calculation shall be rounded off to the nearest 10 paise. For this purpose, the portion not below 5½ paise shall be rounded off to 10 paise and that below 5½ paise shall be ignored."

6. In regulation 48 of the said regulations, for the brackets, figures and words "(1) to (8) of regulation 148", the following brackets, figures and words shall be substituted namely : —

"(1) to (9) of regulation 148".

7. For regulation 60 of the said regulations, the following regulation shall be substituted, namely :—

"60. Classification of ships for full and half rates—

(1) The classes of ships service on which qualifies for hardlying money at "full rates" are as follows :—

(a) Minesweepers:—

(i) Motor Minesweepers.
(ii) Inshore Minesweepers.
(iii) Coastal Minesweepers: Bedi Bhavanagar.
(iv) Pondicherry.
(v) Porbandar.
(vi) Allepey.
(vii) Ratnagiri.
(viii) INS DBT-55
(ix) Malvan.
(x) Mangrol.
(xi) Mahe.
(xii) Malse.
(xiii) Mulki.
(xiv) Magdala.
(xv) IN clul-35.
(xvi) INS Makar.

(b) Salvage vessel and Occan-going Tug—

(c) Landing Craft-- Major and Minor Landing Craft and Landing Berges:—

L-31, L-32, INCLU-33, INCLU-34.

(d) Small Craft :—

(i) Trawlers and Craft on Mine-sweepers and Anti-Submarine Work.
(ii) Examination Vessels.
(iii) Motor Torpedo Boats.
(iv) Motor Gunnery Boats.
(v) Seaward Petrol Craft.
(vi) Sea going Lanches.

(e) Sub-marines : KALVARI, KHANDERI, KARANAJ, KURSURA, NISTAR, VELA, VAGIR, VAGLI, VAGHSHEER.

(f) Missile Boats : VINASH, NIRGHAT, VIDYUT, NIRBHIK, VIJETA, NASHAK, VEER, NIPAT, PRATAP, PRALAYA, PRABAL, PARCHAND, CHAPAL, CHAMAK, CHARAG, CHATAK, VIJAYDURG, SINDHUDURG, HOSDURG,

(g) Sea-wards Defence Boats : T-52, T-53, INSDB-51, INSDV-54.

(h) Torpedo Recovery Vessels : IN TRV A-71, IN TRV A-72.

8. For regulation 87 of the said regulations, the folllwing regulations shall be substituted, namely :—

"87. Rates—(a) The qualification pay shall be admissible to the officers as follows:—

(i) Higher rates of qualification pay : Those possessing the qualifications listed in Section II of Appendix-VIII. — Rs. 125/- p.m.

(ii) Those possessing the qualifications listed in Section I of Appendix-VIII Rs. 100/- p.m.

(iii) Lower rate of qualification Pay :

Those possessing the qualifications listed in Section III of Appendix-VIII —Rs. 70/- p.m.

(b) A lump-sum quaification grant shall be admissible to the officers as follows:—

(i) Those possessing the quaifications listed in Section IV of Appendix-VIII —Rs. 6000/-

(ii) Those possessing the qualifications listed in Section V of Appendix-VIII Rs. 4500/-

(iii) Those possessing the qualifications listed in Section VI of Appendix-VIII Rs. 2400/-

(iv) Those possessing the qualifications listed in Section VII of Appendix-VIII Rs. 1600/-

NOTE 1. The officers who were already in receipt of qualification pay (including those who were eligible for it but did not receive the said pay on or before the 31st March, 1975, shall be allowed to draw the qualification pay for a period of 10 years from the date of commencement of drawal of qualification

pay subject to the condition in Note 2, or till they become ineligible for it due to promotion or otherwise, whichever is earlier.

NOTE 2. After the period of 10 years referred to in Note 1 has expired, the qualification pay hall be treated as personal pay and shall be absorbed against allowance due, if any, from or after the 1st March, 1976.

NOTE 3. In the case of officers who were initially granted qualification pay at the lower rate and who were later on granted qualifiction pay at the higher rate, the period of 10 years shall count from the date they began to draw the latter rate.

NOTE 4. In the case of Officers who were eligible for higher or lower rates of qualification grants on possession of the qualifications under the existing orders but did not receive the same on or before the 31st March, 1975 shall be allowed to draw the same at the rates of Rs. 2,400/- and Rs. 1,600 for higher and lower qualifications, respectively.

NOTE 5. With effect from the 1st April, 1975, an officer who first acquired a lower qualification and later on a higher qualification, shall be entitled to the difference between the two grants on acquisition of the latter qualification".

9. In regulation 89, of the said regulations—

(i) to clause (b) the following word shall be added, namely:—

"or"

(ii) after clause (b) the following clause shall be inserted, namely :—

"(c) any qualification by merely getting membership of societies or associations by merely paying subscription or by efflux of time."

10. After regulation 104, of the said regulations, the following regulation shall be inserted, namely :—

"104. A. Test Pilot Allowance to Naval Aviation Officers.—Test Pilot Allowance of Rs. 250/- per month shall beadmissible to the qualified Test Pilots of the Navy, while they are on posted strength, posted supernumerary or on attachment to any unit for carrying ou t test flying duties in the Navy so long as the sanctioned establishment of Test Pilots is not exceeded.

The Test Pilot Allowance shall be treated as an allowance and not as a part of pay at any time and shall continue to be admissible to Test Pilots during the period of their annual leave and also during the period of temporary duty/attachment, provided the period of such temporary duty/attachment does not exceed three months and that they are likely to resume test flying duties after completion of temporary duty/attachment. Test Pilot allowance shall also be admissible during the period of courses of instructions provided they come back to the test flying duties on completion of the course. In case a Test pilot seeks premature retirement, he shall draw test pilot allowance for the period equivalent to his entitlement of annual leave alone, if due, during leave pending retirement."

11. After regulation 111D of the said regulations the following regulation shall be inserted namely :—

"111E. Admissibility during training in India :—

